# रेंजर (वार्षिक रिपोर्ट)

**2022 -- 2023**

8 अगस्त 2022 को "हर घर तिरंगा" अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली मैं सहभागिता की। यह रैली नौरंगी लाल इंटर कॉलेज, सेंटर प्वाइंट और रेलवे स्टेशन होते हुए वापस नौरंगीलाल कॉलेज पर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में 20 रेंजर्स ने भाग लिया।

8 अगस्त 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'भारत छोड़ो आंदोलन' एवं 'काकोरी दिवस' के उपलक्ष में एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ अनुराग पालीवाल, आगरा कॉलेज, आगरा और विशिष्ट वक्ता डॉ अनूप कुमार, राजकीय महाविद्यालय, अतरौली ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में 60 छात्राएं उपस्थित रहीं।

11 अगस्त 2022 को राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कैंप कार्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

15 अगस्त 2022-- को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 20 रेंजर्स में हाथों में ध्वज लेकर एक रैली निकाली तथा विभिन्न देशभक्ति के गीत गाए।

16 अगस्त 2022-- को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रेंजर्स द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

4 फरवरी 2023 को डीएस महाविद्यालय में ओरियंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत 11 रेंजर्स ने प्रतिभागिता की। इस कार्यक्रम का विषय 'यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट' था।

25 जनवरी 2023 को 'सड़क सुरक्षा सप्ताह' के अंतर्गत रेंजर्स द्वारा एक रैली निकाली गई। जिसमें 26 रेंजर्स ने विभिन्न पोस्टर के द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

25 जनवरी 2023 में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रोवर रेंजर के छात्राओं ने यातायात के नियमों की जागरूकता व आवश्यकता से संबंधित पोस्टर बनाए तथा संबंधित स्लोगन के नारों के माध्यम से रैली निकाली।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner

23.01.2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में लोकगीत, मतदान गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों जैसे ज्ञान महाविद्यालय, मदर टेरेसा, विवेकानंद महाविद्यालय, टीकाराम कन्या महाविद्यालय आदि से लगभग 17 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

20 फरवरी 2023 को 'सड़क स्वच्छता' के अंतर्गत 10 रेंजर्स ने महाविद्यालय प्रांगण में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

21 फरवरी से 25 फरवरी 2023 "रेंजर प्रशिक्षण शिविर" आयोजित किया गया। जिसमें 9 छात्राएं निपुण में तथा 24 छात्राएं प्रवेश में प्रशिक्षण कैंप में प्रतिभाग किया। इस कैंप में प्रशिक्षक श्रीमती ज्योति भार्गव ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों तथा कार्यकलापों से सभी छात्राओं को अवगत कराया। इसके अंतर्गत तंबू निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, गांठ एवं बंधन, पुल निर्माण, खोज के चिन्ह, सुविचार आदि की जानकारी दी गई। इसके साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, गांठ प्रतियोगिता, तंबू निर्माण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यकलापों और प्रतियोगिताओं में 33 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

11 अप्रैल 2023 को बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज में संपन्न हुई इसमें 30 रेंजर्स (टीकाराम कन्या महाविद्यालय) ने भाग लिया।

28 मई 2023 को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत टीका राम कन्या महाविद्यालय में वीर विनायक दामोदर सावरकर जयंती मनायी गयी। स्वतंत्रता सेनानी "क्रांतिकारी आंदोलन के विकास में वीर दामोदर सावरकर का योगदान" शीर्षक के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में 14 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

18 जून 2023 आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला के स्वतंत्रता संग्राम में वीर सेनानियों के महत्वपूर्ण योगदान के अंतर्गत टीकाराम कन्या महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई वीरांगना दिवस के रूप में रानी लक्ष्मीबाई के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया जाता है। लक्ष्मी बाई शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सभी रेंजर्स ने उनके जीवन के महत्वपूर्ण पहलू को याद करते हुए अपने विचारों को निबंध लेखन के रूप में प्रस्तुत किया।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner




8 अगस्त 2022 "हर घर तिरंगा अभियान" के अंतर्गत जागरूकता रैली नौरंगीलाल कॉलेज पर समाप्त हुई। इसमें 20 रेंजर ने भाग लिया।




16 अगस्त 2022 वृक्षारोपण का कार्यक्रम रेंजर्स द्वारा किया गया।

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner

अमर उजाला - 25-02-23

# रंगोली प्रतियोगिता में सावित्री बाई फुले टोली रही प्रथम

**अलीगढ़।** श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय के रेंजर्स विभाग के तत्वावधान में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन रंगोली, टेंट निर्माण और प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता कराई गई। रंगोली में सावित्री बाई फुले टोली प्रथम, रानी लक्ष्मीबाई टोली द्वितीय और मीराबाई टोली व मदर टेरेसा टोली तृतीय स्थान पर रही।

निर्णायक प्रो. हेमलता अग्रवाल व डॉ. कविता भारती रहीं। टेंट निर्माण प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई टोली प्रथम, मीराबाई टोली द्वितीय, सावित्रीबाई फुले टोली व मदर टेरेसा टोली तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक डॉ. सीमा कौशिक और प्रो. शालिनी चौधरी रहीं। प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता में सावित्रीबाई फुले टोली प्रथम, मदर टेरेसा टोली द्वितीय और रानी लक्ष्मीबाई टोली तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्या प्रो. शर्मिला शर्मा ने रेंजर्स की प्रशंसा की। ब्यूरो

21 फरवरी से 25 फरवरी 2023 पांच दिवसीय रेंजर प्रशिक्षण शिविर

# प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता में सावित्रीबाई फुले टोली रही प्रथम

**अलीगढ़।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में रोवर/ रेंजर विभाग के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया।

प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता में सावित्रीबाई फुले टोली प्रथम रही शुभारंभ प्राचार्या प्रो. शर्मिला शर्मा ने स्काउट गाइड ध्वज व स्काउट गाइड झंडा गान के साथ किया। रेंजर प्रभारी प्रो. सीमा बंसल ने सभी छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ प्रोत्साहित किया।

राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की रेंजर विभाग की समन्वयक डॉ. अंजना ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। छात्राओं ने मिलजुलकर टेंट बनाए। निपुण की छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। तंबू निर्माण प्रतियोगिता में मोहिनी, शिवानी, दीक्षा, लवली, खुशबू, वैष्णवी, पारुल और अंशु ने बाजी मारी। रंगोली प्रतियोगिता में कंचन, रश्मि, रेनू, करिश्मा, प्रीति, शिवानी, सोनाली और वंशिका विजयी रहीं।

गांठ एवं बंधन प्रतियोगिता में सबीहा प्रथम, पिंकी शर्मा और कशिश द्वितीय और मोनिका शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। निपुण की छात्राएं पिंकी शर्मा, नीरज, रूपेश, कशिश, उपासना, पूजा, सुरभि, पारुल और मोनिका शर्मा मदर टेरेसा टोली प्रथम रहीं। इस अवसर पर ज्योति भार्गव डीटीसी, रेंजर सह प्रभारी शैली शर्मा, जगवती आदि मौजूद रहीं। ब्यूरो

अमर उजाला 27 फरवरी 2023 प्रवेश व निपुण प्रशिक्षण शिविर का समापन

Principal
Shri Tika Ram Kanya Mahavidyalaya
Aligarh

Scanned with OKEN Scanner